Exam. Code: 0009
Sub. Code: 0705

1128
B.A./B.Sc. (Hons.)-5th Semester
Paper-III(A): Hindi

Time allowed: 3 Hours Max. Marks: 90

**नोटः— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

-*-*-*-

१. निम्नलिखित में से दो व्याख्यांशों की संदर्भ एवं काव्य–सौन्दर्य सहित व्याख्या करें:–

(क) उस समाधि–जैसे घर में लोहे के प्राचीर से घिरे फूल के समान वह किशोरी बालिका बिना किसी संगी–साथी, बिना किसी प्रकार के आमोद–प्रमोद के, मानो निरन्तर वृद्धा होने की साधना में लीन थी।

अथवा

वास्तव में जीवन सौन्दर्य की आत्मा है; पर वह सामञ्जस्य की रेखाओं में जितनी मूर्तिमत्ता पाता है, उतनी विषमता में नहीं। जैसे–जैसे हम बाह्य रूपों की विविधता में उलझते जाते हैं, वैसे–वैसे उनके मूलगत जीवन को भूलते जाते हैं।

(ख) एक चिन्तापूर्ण आलोक में आज पहले–पहल शराबी ने आँख खोलकर कोठरी में बिखरी हुई दारिद्रय की विभूति को देखा, और देखा घुटनों से ठुड्डी लगाये हुए उस निरीह बालक को। उसने तिलमिलाकर मन–ही–मन प्रश्न किया– किसने ऐसे सुकुमार फूलों को कष्ट देने के लिए निर्दयता की सृष्टि की? आह री नियति! तब इसको लेकर मुझे घरबारी बनना पड़ेगा क्या?

अथवा

हिन्दू मुहल्ले में रेलवे के एक कर्मचारी ने बहुत से निराश्रितों को अपने घर में जगह दी थी, जिनके घर–बार लुट चुके थे। पुलिस को उसने खबर दी थी कि ये निराश्रित उसके घर टिके हैं, हो सके तो उनके घरों और माल की हिफ़ाजत की जाए। (१०+१०)

२. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए:–

(क) 'ईदगाह' कहानी के पात्र हामिद के चरित्र की मुख्य विशेषताएँ बताइए। इन विशेषताओं को लेखक ने किन घटनाओं या परिस्थितियों के माध्यम से उभारा है?

अथवा

'वापसी' कहानी की मूल संवदेना पर प्रकाश डालें।

(ख) 'यह पर्वत की कन्या जितनी निडर है, उतनी ही निश्चल' – के आलोक में लछमा के चरित्र की विशेषताएं उद्घाटित करें।

***Contd……P/2***

<u>अथवा</u>

'अलोपी' के चरित्र की विशेषताएं उजागर कीजिए। (१५+१५)

३. किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों का उत्तर दीजिए:–

(क) शब्द शक्ति कितने प्रकार की होती है? उदाहरण सहित उत्तर दें।

(ख) बिम्ब की परिभाषा दें तथा इसके स्वरूप पर प्रकाश डालें।

(ग) रस की परिभाषा एवं प्रकारों का वर्णन करें।

(घ) प्रतीक की परिभाषा एवं स्वरूप की विवेचना करें। (२०+२०)

-*-*-*-